मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम है भजन लिरिक्स

मेरी पहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।

श्याम ही मेरा जीवन है,
इनपे समर्पित तन मन है,
इनके ही दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पेहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।**bd।**

हम सब प्रेमी श्याम भरोसे,
अपने काम पे चलते हैं,
अपने बच्चे इस दुनिया में,
श्याम कृपा से पलते हैं,
श्याम नाम आधार है,
हमको श्याम से प्यार है,
इनके दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पेहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।**bd।**

हर बाबा प्रेमी से तो,
अपना जुड़ा है नाता,
झूठे सारे रिश्ते जग के,
ये रिश्ता हमें भाता,
श्याम ही अपनी दौलत है,
इनके नाम से शोहरत है,
इनके दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पेहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।**bd।**

जब जब कोई संकट हम पे,
आ कर के मडराता,
श्याम नाम हर उस प्रेमी का,
संकट दूर भगाता,
श्याम ही अपना आधार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

इनसे अपना गुजारा है,
इनके ही दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पेहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।bd।

जब से 'रोमी' ने है सोंपी,
इनको अपनी डोर है,
श्याम प्रेमियों में बस देखो,
इसी बात का शोर है,
ये ऐसा दातार है,
सबसे करता प्यार है,
इनके दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पेहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।bd।

श्याम ही मेरा जीवन है,
इनपे समर्पित तन मन है,
इनके ही दम पे मेरा,
दुनिया में नाम है,
मेरी पहचान मेरा,
खाटू वाला श्याम है।bd।

स्वर – संजय पारीक जी।
प्रेषक – पंडित रीता गौतम,
श्री श्याम सखा मण्डल खैर
9997234758

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com